राजनैतिक वफादारी का अर्थ केवल मात्र कुछ राजनैतिक अधिकारो जैसे कि मताधिकार का प्रयोग किया जाना ही नही है वनन् इसका तात्पर्य जनसामान्य का विभिन्न ऐसी क्रियाओ में संलग्न होना है जिनका प्रभाव राजनैतिक प्रक्रियाओ पर पडता है ।तथा जो सरकार के द्वारा निर्णय लिये जाने की प्रक्रिया से सम्बन्धित है इन प्रक्रियाओं का विश्लेषण कर इनको चार भागों मे बाटा जा सकता हैं

1. निर्वाचन मे हिस्सा लेना अर्थात मतदान करना ।
2. अपने हितो से सम्बन्धित समूह अर्थात हित समूहों को समर्थन प्रदान करना व उनकी सदस्यता ग्रहण कर उनको मजबूत करना ।
3. विधायको के साथ व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनके साथ प्रत्यक्ष रूप से विचार विनमय करना तथा अपने विचारो से उनको अवगत कराना ।
4. राजनैतिक दूसरे की गतिविधियों मे सक्रिय रूप से अपना दावा स्थापित की क्षमता को अर्जित करना ।
5. दूसरे नागरिको के साथ राजनैतिक क्षेत्र की ज्वलन्त समस्याओं व घटनाओं पर मौखिक रूप से बातचीत व विचार विनमय करना इस प्रकार के विचार विनमय के द्वारा स्पष्ट जनमत के निर्माण मे सहायता मिलती है।

सैद्धान्तिक पक्ष :

हम 21 वीं शताब्दी मे पर्दापण कर चुके और आज कम्प्यूटर, इन्टरनेट, सटेलाइट, तथा इन्फार्मेशन टेक्नोलॉजी से सम्पूर्ण विश्व सिकुडकर बहुत छोटा गॉव सा हो गया है। और विश्व के सबसे दूर के स्थान भी आपस मे बहुत जुड गये है। अत: दुनिया के किसी भी कोने मे कोई भी घटना हो रही हो

उसकी सूचना तत्काल ही समाज को प्राप्त हो जाती है। भारत विश्व का सबसे बडा प्रजान्त्रिक राष्ट्र है और प्रजातन्त्र की सफलता तभी सम्भव है जब वहॉ के नागरिको मे उचित प्रकार की राजनैतिक चेतना व जागरूकता होगी लोगो को उनके संविधान के बारे मे कर्तव्यों एवं अधिकारो के बारे मे सही जानकारी होनी चाहिये अतः प्रस्तुत अध्ययन छात्र और छात्राओ की राजनैतिक चेतना के स्तर का अध्ययन करा रहा है तथा हम इस शोध के माध्यम से यह जानकारी प्राप्त कर रहे है कि पढे लिखे नागरिको मे किस स्तर की राजनैतिक चेतना है।

शोधकर्ता का यह मत है कि क्योकि पुरूषो की स्वाभाविक सहभागिता और सामाजिक अन्तः किया के अनेकानेक अवसर उपलब्ध है अतः छात्रों मे छात्राओं की तुलना में राजनैतिक चेतना अधिक होने की सम्भावना है। प्रस्तुत अध्ययन मे यह भी मत है कि राजनैतिक चेतना शिक्षा के सकारात्मक रूप से सह सम्बन्धित है। उच्चशिक्षा के स्तर मे राजनैतिक चेतना को जाति और वर्ग के आधार पर भी प्रभावित माना जा सकता है।

प्राकल्पनाओ का जिनका परीक्षण किया जाना है :

उपरोक्त सैद्धान्तिक मत एवं उद्देश्यो को ध्यान में रखते हुये निम्न लिखित प्राकल्पनाओ का परीक्षण किया जाना है।

1. छात्राओ की तुलना मे छात्रो की राजनैतिक चेतना अधिक होने की सम्भावना है।
2. स्नातकोत्तर विधार्थियों मे स्नातक स्तर के विधार्थियो की तुलना में अधिक होने की सम्भावना है।

3. उच्च जाति के विद्यार्थियो मे पिछडे वर्ग एवं अनुसूचित जाति के विद्यार्थियो से अधिक राजनैतिक चेतना होने की सम्भावना है।
4. उच्च वर्ग के विधार्थियो में मध्यम या निम्न वर्ग के विद्यर्थियो की तुलना मे अधिक राजनैतिक चेतना होने की सम्भावना है।
5. जो विद्यार्थी राजनैतिक दलो के सक्रिय सदस्य है। उन विद्यार्थियो मे गैर राजनैतिक दलो वाले विधार्थियो की तुलना मे अधिक राजनैतिक चेतना हो होने की सम्भावना हैं ।

प्राकल्पना के सन्दर्भ मे **जार्ज लुण्डवर्ग ने (1951)** मे कहा है कि

''परिकल्पना एक काम चलाऊ निष्कर्ष अथवा सामान्यी करण है जिसकी सत्यता की परीक्षा करना शेष होता है।''

इस ज्ञान व अनुभव के आधार पर हम अपने अध्ययन विषय के विभिन्न पक्षों के सम्बन्ध मे एक सामान्य अनुमान पहले से ही लगा सकते है यह सामान्य अनुमान शोधार्थी के लिए मार्ग निर्देशक बन जाता है प्रस्तुत अध्ययन महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की राजनैतिक चेतना है इस आधार पर हमने कुछ उपकल्पनाये तैयार की थी जिन्हे उपरोक्त बिन्दुओ पर स्पष्ट किया गया था।

: अध्याय द्वितीय :

अध्ययन पद्धति

शोध प्रारचना का प्रारूप

अध्ययन क्षेत्र

निर्दशनविधि

शोध प्राविधि

साक्षात्कार अनुसूची

राजनैतिककरण का पैमाना

संख्यकीय परिक्षण

शोध अनुभव

अध्ययन पद्धति

प्रस्तुत शोध विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालय के छात्र छात्राओं की राजनैतिक चेतना का समाजशास्त्रीय अध्ययन है। इस अध्याय के अन्तर्गत शोध में प्रयोग किये गये अध्ययन पद्धति का वर्णन किया गया है। **कार्ल पियर्सन (1949)** ने ठीक कहा है कि ''सत्य तक पहुँचने के लिए कोई संक्षिप्त पथ नही है। समाज का ज्ञान प्राप्त करने के लिए हमें वैज्ञानिक पद्धति की सहायता के बिना किसी भी विषय के सम्बन्ध मे वास्तविक ज्ञान सम्भव नही चाहे अध्ययन विषय कुछ भी हो।

वैज्ञानिक पद्धति अथवा स्पष्ट प्रणाली में सर्वप्रथम हम अध्ययन विषय को चुनते है और फिर अवलोकन द्वारा उस विषय से संम्बन्धित समस्त तथ्यों को एकत्रित करते है।'' तथा बाद में इन तथ्यों से उनकी समान विशेषताओं के आधार पर वर्गीकरण कर रहे है। और अन्त में तथ्यो के विश्लेषण व परीक्षण द्वारा उस विषय से सम्बद्ध कोई निष्कर्ष निकालते या नियमों को प्रतिपादित करते है । इस प्रकार पांच चरणो में वैज्ञानिक पद्धति को विभक्त किया जा सकता है।

1. विषय का चुनाव
2. अवलोकन द्वारा प्रत्यक्ष होने वाले तथ्यों का संकलन
3. तथ्यों का वर्गीकरण
4. तथ्यो का परीक्षण
5. नियमों का प्रतिपादन

जार्ज ए0 लुण्डवर्ग ने वैज्ञानिक पद्धति के निम्नांकित चार चरण बताये हैं।

1. कार्यवाही कार्य कर प्रकल्पना

2. तथ्यो का अवलोकन तथा लेखन
3. संकलित तथ्यो का वर्गीकरण व संगठन
4. समान्यीकरण (सामान्य नियम बना लेना)

सामाजिक आर्थिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रो के सिद्धान्तों मूल्यो तथा मान्यताओं मे गहन परिवर्तन आगे स्वाभाविक हैं। यह परिवर्तन केवल परिवर्तन मात्र नही है बल्कि विद्धानो ने इसे युगकारी क्रान्ति की संज्ञा दी है।

ग्रीन एं0 डब्ल्यू ने तो यहा तक कह दिया –

''परिवर्तन का उत्साह पूर्वक स्वागत जीवन का प्राय: ढंग सा बन गया है।''

" The enthusiastic & reception of change become almost away to life"

मानव समाज केवल तर्क के आधार पर ही वास्तविक जगत मे व्याप्त सामाजिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, एवं आर्थिक रहस्यो को उदघाटित करने में असमर्थ है ये वास्तविक रहस्य स्वाभाविक मानवीय क्षमताओं से कही अधिक सूक्ष्म एवं उलझे हुये है। इन रहस्यों को सुलझााने एवं परिशुद्धता की सर्वोच्च श्रेणी को प्राप्त करने हेंतु क्रमबद्ध अध्ययन एवं आवश्यक वैज्ञानिक प्राविधियों एवं उपकरणों के विकास के साथ ही साथ मानव मस्तिष्क अनवरत परिक्रम करता है।

द न्यू सेन्चुरी डिक्शनरी (1927) के अनुसार

''तथ्यो या सिद्धान्तो की खोज के लिए किसी वस्तु या किसी के लिए विशेष सावधानी पूर्वक किया गया निरन्तर सावधानी पूर्वक एक जांच या अन्वेषण कहलाता है।

P.V.young (1975) में लिखा है कि शोध वैज्ञानिक योजना है जिसका उद्देश्य–

1. तार्किक तथा क्रमबद्ध पद्धतियो के द्वारा नवीन तथ्यो का अन्वेषण अथवा पुराने तथ्यो की पुर्नपरीक्षा करना ।

2. उनमे पाये जाने वाले अनुक्रमों अन्त: सम्बन्धो कार्य कारण व्याख्याओं तथा उनको संचालित करने वाले स्वाभाविक नियमों का विश्लेषण करना ।
3. विश्वसनीय मानव व्यवहार के अध्ययन को सुगम बनाने के लिए नये वैज्ञानिक उपकरणों अवधारणाओं एवं सिद्धान्तो का विकास करना।''

शोध प्रारचना का प्रारूप :-

जैसा कि पहले ही कहा गया है कि कोई भी सामाजिक शोध बिना किसी लक्ष्य या उद्देश्य के नही होता है। इस उद्देश्य या लक्ष्य का विकास और स्पष्टीकरण शोध कार्य के दौरान नही होता बल्कि वास्तविक अध्ययन प्रारम्भ होने से पूर्व हो इसका निर्धारण कर लिया जाता है। शोध के उद्देश्य के आधार पर अध्ययन विषय के विभिन्न पक्षो के उदघटित करने के लिये पहले से बनाई गई योजना की रूपरेखा का शोध प्रारचना कहते है।

एकॉफ अपनी पुस्तक **डिजाइन आफ सोशल रिसर्च** में कहा कि -

''निर्णय क्रियान्वित करने की स्थिति आने से पूर्व ही निर्णय निर्धारित करने की प्रक्रिया को प्रारचना कहते है।''

"Design is the process of making decisions before the situation arises in which the decision is to be carried out"

इस दृष्टि कोण से उद्देश्य प्राप्ति के पूर्व ही उद्देश्य का निर्धारण करके शोध कार्य की जो रूपरेखा बना ली जाती है उसे शोध प्रारचना (research design) कहते है अत: यह स्पष्ट है कि सामाजिक शोध प्रारचना के तीन प्रकार है और शोधकर्ता अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये सर्वाधिक उपर्युक्त समझ कर इनमें से किसी एक प्रकार को चुन लेता है। और वह कौन सा प्रकार है यह मालूम होते ही शोध कार्य की प्रकृति व लक्ष्य स्पष्ट होते जाते है। उदाहरणार्थ

यदि हमें यह ज्ञात हो जाये कि शोध प्रारचना अन्वेशणात्मक हो तो स्वत: ही यह स्पष्ट हो जाता है कि किसी समाजिक घटना के अर्न्तनिहित कारणों की खोज करना ही उस शोध का उद्‌देश्य है।

इस प्रकार शोध कार्य मे तथ्यो का विवरण मात्र होगा अथवा नवीन नियमों को प्रतिपादित किया जायेगा अथवा उस शोधकार्य मे परीक्षण व प्रयोग का अधिक महत्व होगा इन सब बातों का ध्यान मे रखकर शोध कार्य आरम्भ करने से पूर्व जो एक रूपरेखा बनाई गई है उसी की शोध प्रारचना (Research Design) कहते हैं।

इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि शोध कार्य के उद्‌देश्य को ध्यान मे रखते हुये उसे एक निश्चित प्रकार (Type)के अर्न्तगत लाने के लिए तथा शोधकार्य मे उपस्थित होने वाली स्थितियों का सफलता पूर्वक सामना करने के लिए शोध की जो रूपरेखा बताई जाती है उसी को शोध प्रारचना कहते है।

डोनाल्ड सिलसिंगर एण्ड मेरी स्टवेन्सन (1930) के मतानुसार –

अनुसंधान वस्तुओं धारणाओ एवं प्रतीकों के ज्ञान वृद्धि सत्यता अथवा प्रमाणिकता के सामान्यीकरण के उद्‌देश्य से किया गया। दक्षता पूर्वक कार्य है चाहे ज्ञान किसी सिद्धान्त के लिए हो अथवा कला के लिए ।''

प्रो0 जॉन वैस्ट (1977) के मतानुसार –

''अनुसंधान संगठित ज्ञान की खोज एवं विकास के लिए किया गया व्यवस्थित कार्य है।''स्पष्टत: अनुसंधान का प्रमुख उद्‌देश्य नवीन तथ्यो तथा सिद्धान्तो की खोज करना है लेकिन साथ ही साथ यह बात ध्यान देने योग्य है। कि अनुमानित विचारो का असम्बद्ध तरीको से कोई स्थान नही होता है। समस्या से सम्बन्धित सर्वेक्षण एवं विश्लेषित अध्ययन के कुछ निष्कर्ष निकालने से पूर्व उसका

अभिकल्प तैयार करना उतना ही आवश्यक प्रतीत होता है। जितना की भवन निर्माण के पूर्व उसका मानचित्र तैयार किया जाना अनुसंधान को एक निश्चित दिशा प्रदान करता है। सभी शोधो का एक ही आधारभूत उद्देश्य ज्ञान की वृद्धि है पर इस उद्देश्य की पूर्ति विभिन्न प्रकार से हो सकती है और उसी के अनुसार शोध प्रारचना का रूप भी अलग अलग हो सकता है। **प्रस्तुत अध्ययन में अन्वेषणात्मक एवं परीक्षणात्मक शोध प्रारचना का प्रयोग किया गया है।**

1. अन्वेषणात्मक अथवा निरूपणात्मक शोध प्रारचना - (Exploratory or formulative Design)

जब किसी शोध कार्य का उद्देश्य किन्ही सामाजिक घटना में अन्तर्निहित कारणो को ढूंढ निकालना होता है तो उससे सम्बद्ध रूपरेखा को अन्वेष्णात्मक शोध कहते है।

इस प्रकार शोध प्रारचना मे शोध कार्य की रूपरेखा इस ढंग से प्रस्तुत की जाती है कि घटना की प्रकृति व धारा प्रवाहों की वास्तविकताओं की खोज की जा सकें। समस्या या विषय के चुनाव के पश्चात परिकल्पना का सफलातापूर्वक निर्माण करने के लिए इस प्रकार की प्रारचना का बहुत महत्व है। क्योकि इसकी सहायता से हमारे लिए विषय का कार्य कारण सम्बन्ध स्पष्ट हो जाता है। जैसे इस शोध मे ही सबसे पहले कारको का ज्ञान आवश्यक है जो कि इस प्रकार के कारणो को उत्पन्न करते है। अन्वेषणात्मक शोध इन्ही कारको को खोज निकालने की एक योजना बन सकती है। इस प्रकार कभी-कभी समस्या के चुनाव और शोधकार्य के लिए उसकी उपयुक्तता के सम्बन्ध में हमे अन्य किसी स्रोत से कुछ ज्ञान प्राप्त नही हो पाता है। इस अवस्था मे अन्वेषणात्मक शोध प्रारचना की सहायता से हमें पर्याप्त सहायता मिल सकती है। उपर्युक्त विवेचना से स्पष्ट

है कि अन्वेष्णात्मक शोध प्रारचना उन आधारो को प्रस्तुत करती है जो एक सफल शोध कार्य के लिए महत्वपूर्ण होते है। अनुसन्धान उस अनुभव को प्राप्त करने के लिए आवश्यक है जो कि अधिक निश्चित अनुसन्धाान के हेतु सम्बद्ध प्रारकल्पना के निरूपण में सहायक होगा । ''

2. परीक्षणात्मक शोध प्रारचना – (Experimental Research Design)

भौतिक विज्ञानो की भांति समाजशास्त्र भी अपने शोध कार्यो में परीक्षा प्रणाली का प्रयोग का अधिकाधिक यर्थाथता लाने का प्रयत्न कर रहा है भौतिक विज्ञानों में जिस प्रकार कुछ निश्चित नियन्त्रित अवस्थाओं में रखकर विषय का अध्ययन किया जा सकता है उसी प्रकार नियन्त्रित दशाओं मे रखकर निरीक्षण–परीक्षण के द्वारा समाजिक घटनाओं का व्यवस्थित अध्ययन करने की रूपरेखा को परीक्षणात्मक शोध प्रारचना कहते है।

श्री चैपिन ने लिखा है –

''समाजशास्त्रीय शोध मे परीक्षणात्मक प्रारचना की अवधारणा नियन्त्रण की दशाओं के अन्तर्गत निरीक्षण द्वारा मानवीय सम्बन्धो के व्यवस्थित अध्ययन की ओर सकेंत करती हैं'' और अधिक संक्षेप मे कह सकते है कि प्रयोगशाला पद्धति के द्वारा विषय का अध्ययन परीक्षणात्मक शोध का ही दूसरा नाम है।

3. वर्णनात्मक शोध प्रारचना – (Descriptive Research Design)

विषय या समस्या के सम्बन्ध में वास्तविक तथ्यो के आधार पर वर्णनात्मक विवरण प्रस्तुति करना वर्णनात्मक शोध प्रारचना का मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए यह आवश्यक होता है कि विशेष के सम्बन्ध मे हमें यर्थाथ तथा पूर्ण सूचनाओं प्राप्त हो जाये क्योकि इसके बिना अध्ययन विषय या समस्या के सम्बन्ध में हम

जो कुछ भी वर्णनात्मक विवरण प्रस्तुत करेंगे। वह वैज्ञानिक न होकर के केवल दार्शनिक ही होगा।वैज्ञानिक वर्णन का आधार वास्तविक व विश्वसनीय तथ्य ही है।

अतः यदि हमें किसी समुदाय की जातीय संरचना, शिक्षा का स्तर, आवास व्यवस्था आयु समूह परिवार के प्रकार आदि का वर्णनात्मक व्रिवरण प्रस्तुत करना है। तो हमारे लिए यह आवश्यक है कि अपने उद्देश्य को सामने रखते हुये प्रारचना (Research Design) को विकासित किया जाये। जिस शोध प्रारचना का उद्देश्य वर्णनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत करना होता है उसे वर्णनात्मक शोध प्रारचना कहते है ।

अध्ययन क्षेत्र –

प्रस्तुत अध्ययन अन्वेषणात्मक एवं परीक्षणात्मक शोध प्रारचना के अर्न्तगत किया गया हैं यह अध्ययन बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के सम्बद्ध महाविद्यलय के छात्र छात्राओं जो स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर अध्ययन कर रहे है। तक सीमित है कुछ महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के अलग-अलग है और कुछ महाविद्यालय सह शिक्षा केन्द्र है। इनमें कला संकाय विज्ञान संकाय के छात्र-छात्रायें है। इसके अतिरिक्त कुछ व्यावसायिक संस्थाओं के भी छात्र-छात्रायें है। जैसे कि मेडिकल कालेज इन्जीनियरिंग कालेज एग्रीकल्चल कालेज आदि ये प्रयत्न किया गया है। कि इस अध्ययन मे सभी विभिन्न प्रकार के श्रेणियों के विद्यार्थियो का अध्ययन किया जा सके इन सब में पढ रहे विद्यार्थियो की सख्ंया 60-70 हजार है।

प्रस्तुत अध्ययन में विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्र -छात्राओं का तुलनात्मक अध्ययन है। बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय से सम्बद्धं 32 महाविद्यालय तथा प्रोफेशनल इन्स्टीट्यूट निम्न है-

1.	पं0 जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय	बॉदा
2.	राजकीय महिला महाविद्यालय	बॉदा
3.	जिला परिषद कृषि महाविद्यालय	बॉदा
4.	अतर्रा महाविद्यालय	अर्तरा
5.	गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय	कर्वी
6.	महामती प्राणनाथ महाविद्यालय	मऊ
7.	वीर भूमि राजकीय महाविद्यालय	महोबा
8.	डा0 हेडगेबार राजकीय महाविद्यालय	चरखारी
9.	बी0 एन0 बी0 महाविद्यालय	राठ
10.	राजकीय महिला महाविद्यालय	हमीरपुर
11.	राजकीय महाविद्यालय	हमीरपुर
12.	राजकीय महाविद्यालय	मौदहा
13.	डी0 बी0 महाविद्यालय	उरई
14.	गांधी महाविद्यालय	उरई
15.	सनातन धर्म महाविद्यालय	उरई
16.	जब्बार हुसैन बालिका महाविद्यालय	उरई
17.	फुन्दी सिंह लोदा राजकीय महाविद्यालय	उरई
18.	कालपी महाविद्यालय	उरई
19.	एम0 पी0 महाविद्यालय	उरई
20.	पं0 जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय	ललितपुर
21.	राजकीय महाविद्यालय	ललितपुर

22.	राजकीय महाविद्यालय	महरौनी
23.	राजकीय महाविद्यालय	तलभेट
24.	बुन्देलखण्ड महाविद्यालय	झांसी
25.	वि0वि0 महाविद्यालय	झांसी
26.	आर्य कन्या बालिका महाविद्यालय	झांसी
27.	गुरू हरि किशन महाविद्यालय	झांसी
28.	पं0 रमेश प्रसाद रिछारिया महाविद्यालय	झांसी
29.	राजकीय महिला विद्यालय	झांसी
30.	अग्रसेन महाविद्यालय	मऊरानीपुर

व्यावसायिक शिक्षण संस्थान –

1.	बुन्देलखण्ड मेडिकल कालेज	झांसी
2.	बुन्देलखण्ड इन्जीनियरिंग कालेज	झांसी

उपर्युक्त समस्त महाविद्यालय मे से आठ महाविद्यालय शोध कार्य हेतु चुने गये है। जो अग्रलिखित है।

1.	पं. जवाहर लाल नहेरू महाविद्यालय	बांदा
2.	राजकीय महिला महाविद्यालय	बांदा
3.	बी0 एन0 वी0 महाविद्यालय	राठ
4.	डी0 बी0 महाविद्यालय	डरई
5.	बुन्देलखण्ड महाविद्यालय	झांसी
6.	वि. वि. महाविद्यालय	झांसी
7.	बुन्देलखण्ड मेंडिकल कालेज	झांसी
8.	बुन्देलखण्ड इंजीनियरिंग कालेज	झांसी

संसाधनो एवं शोध उपाधि मे समय की सीमा को देखते हुये प्रस्तुत अध्ययन मे यह ध्यान रखा गया है कि कला विज्ञान तथा कृषि संकाय के विद्यालयों तथा व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में इन्जीनियरिंग मेडिकल विधी संकाय के विद्यार्थियों का समावेश है। यह भी ध्यान मे रखा गया है कि छात्रो का चुनाव करते समय स्नातक तथा परस्नातक स्तर के विद्यार्थियों उच्चजाति, पिछडी एवं अनुसूचित जाति के है।

इस दृष्टि कोण सें चयनित 8 महाविद्यालयो के विभिन्न संकायो सें परास्नातक एवं स्नातक स्तर के क्रमशः 25 छात्र 25 छात्राओं के साक्षात्कार हेतु चुना गया है।

निर्दशन विधि – (Purposive Sample)

प्रस्तुत अध्ययन में मुख्य दृष्टिकोण यह था कि प्रत्येक वर्ग प्रत्येक जाति, प्रत्येक संकाय के स्नातक एवं परस्नातक स्तर मे छात्र छात्राओं का अध्ययन किया जाये । अतः **इसमें उद्देश्य पूर्ण निदर्शन प्रणाली का प्रयोग किया गया है** इस दृष्टि कोण को देखतें हुये छात्रों का चुनाव जाति वर्ग संकायों के आधार पर किया गया है।

प्रस्तुत अध्ययन ने निर्धारित महाविद्यालयों मे छात्र संख्या 60-70 हजार है उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक महाविद्यालय के संकायो एवं जाति तथा वर्ग के आधार पर 25-25 छात्राओं को चुना गया तथा चुने हुये सूचनादाताओं साक्षात्कार सूची के माध्यम से सूचनाओं का संकलन किया गया हैं।

निर्दशन से आशय –

समूह के प्रतिनिधि सदस्यों को चुनकर उन्ही से जानकारी प्राप्त करना और उस जानकारी को सम्पूर्ण समूह अथवा 'समग्र' के लिए ठीक मानना या मोटे तौर

पर कह सकते है कि समग्र मे से चुने ऐसे 'कुछ' को जो कि समग्र का उचित प्रतिनिधित्व करता है कि निदर्शन अथवा प्रतिदर्शन ग्रहण पद्धति कहा जाता है । अर्थात समग्र का उचित प्रतिनिधित्व करने वाली कुछ इकाइयों को निदर्शन कहते है।

जैसा कि गुड एवं हॉट (1952) मे लिखा हैं –

''एक निदर्शन जैसा कि नाम स्पष्ट है किसी विशाल सम्पूर्ण का छोटा प्रतिनिधि है।''

A Sample as the name applies, is a smaller representation of large whole "

फेयरचाइल्ड ने अपनी डिक्शनरी आफ सोशलॉजी मे मिलट्रेड पार्टन के शब्दो का उल्लेख करते हुयें लिखा है ''एक निश्चित संख्या में व्यक्तियों मामलो या निरीक्षणो को एक समग्र विशेष मे से निकालने की प्रक्रिया या पद्धति अथवा अध्ययन हेतु एक समग्र समूह मे से एक भाग को चुनना निदर्शन पद्धति कहलाती हैं''

"Sampling method is the process as method of drawing a difinite number of individuals cases. or observation from a particular universe, Selecting part of a total group for ingestigation."

इसी सम्बन्ध मे टिर्प्पेट ने लिखा है –

''बडे समूह मे से एक छोटा भाग लेने की विधि समान्यता भली प्रकार समझी और विस्तृत रूप में काम मे लाई जाती है गृहस्वामिनी दुकान मे पनीर खरीदने से पहले उसका एक टुकडा नमूने के रूप मे लेगी और एक रूई धुनने वाला व्यक्ति केवल रूई के टुकडे को देखकर ही उस रूई की पूरी गांठ खरीद लेगा।''

" The practice of taking a small part of a large bulk to represents the whole is fairly generally understood and widely used the house wife will sample a piece of cheese of the shop before making a purchase and a cotton spineer will by a bale of cotton having seen only a sample of it "

एडोल्फ जेन्सन (Adolph Jenson) ने लिखा है-

"सविचार या उद्‌देश्यपूर्ण निर्दशन से अर्थ है इकाइयों के समूहो की एक संख्या को इस प्रकार चुनना कि चुने हुये समूह मिलकर उन विशेषताओ के सम्बन्ध मे यथा सम्भव वही औसत अथवा अनुपात प्रदान करे जो कि समग्र मे है और जिनकी सांख्यकीय जानकारी पहले से ही है ।

"Purposive sampling denotes the method of selecting a number groups of units in such a way that the selected groups together yield as nearly as possible the same overages or proposition as the totality with respact to those characteristics which are already a matter of statisfical Knowledge ."

शोध प्रविधि - (Research Techniques) -

शोध मे निम्नलिखित प्रवाधियों में से एक प्रविधि का प्रयोग किया गया है।

1. अवलोकन
2. साक्षत्कार
3. अनुसूची
4. व्यक्तिक अध्ययन पद्धति
5. प्रश्नावली, आदि

प्रस्तुत अध्ययन चूंकि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के राजनैतिक चेतना का अध्ययन है **अतः प्रस्तुत शोध मे साक्षात्कार अनुसूची का प्रयोग किया गया है** अनुसूची मे सूचनादाताओं से अव्यैक्तिक पंक्ति सम्बन्धी प्रश्न पारिवारिक पृष्ठभूमि आर्थिक पृष्ठभूमि एवं राजनैतिक चेतना की विधिवत वैज्ञानिक आकडे एकत्रित करने हेतु सम्बन्धित प्रश्न पूछे गये है । सम्बन्धित प्रश्न शोधकर्ता ने सूचना दाताओं का साक्षात्कार करके किया है।

पूर्व परीक्षण -

शोध के उद्देश्य को ध्यान मे रखते हुये अनुसूची का निमार्ण किया गया तत्पश्चात इसकी लगभग 5 प्रतिशत सम्बन्धित महाविद्यालयो के छात्र एवं छात्राओं के ऊपर इस अनुसूची का परीक्षण किया गया कुछ प्रश्न ऐसे थे जो छात्रो को स्मरण सूची मे समझ नही आ रहे थे। जैसे राजनैतिक सहभागिता के सम्बन्ध मे प्रश्न इसके बाद प्रश्नो को अधिक स्पष्ट और विशिष्ट बनाया गया । प्रश्न रखा गया क्या वह चुनाव मे सहभाग लेते है । पूर्व परीक्षण से मिली जानकारी के अनुसार अस्पष्ट भ्रामक प्रश्न दिये गये और साक्षात्कार हेतु अनुसूची तैयार की गयी। अध्ययन साक्षात्कार अनुसूची के द्वारा उत्तरदाताओं से उत्तर प्राप्त करने की विधिवत चेष्टा की गई है। साक्षात्कार अनुसूची के द्वारा उत्तरदाता के आयु, जाति, धर्म, सामान्य जानकारी अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय प्रादेशिक, तथा क्षेत्रीय राजनीति के सन्दर्भ आदि मे प्रश्नो को पूछकर उत्तरदाता की योग्यता तथा राजनैतिक चेतना से सम्बन्धित जानकारियाँ प्राप्त की गई ।

इस सम्बन्ध में प्रो0 गुडे एवं हॉट (1952) मे लिखा है कि -

''विज्ञान निरीक्षण से प्रारम्भ होता है और फिर सत्यापन के लिए अन्तिम रूप से निरीक्षण पर ही लौटकर आना पड़ता है।''

Goode and Hatt (1952:119) कहते है कि -

"Science begins with observation and must utimately raturn to observation for its final validation ":

संक्षेप मे यह कहा जा सकता है कि ''कार्यकरण अथवा, पारस्परिक सम्बन्ध को जानने के लिए स्वाभाविक रूप से घटित होने वाली घटनाओं का सूक्ष्म निरीक्षण ''

इस सम्बन्ध मे डा0 पी0 वी0 यंग (1954) के अनुसार –

"निरीक्षण को नेत्रो द्वारा सामूहिक व्यवहार एवं जटिल सामाजिक संस्थाओं के साथ –साथ सम्पूर्णता की रचना करने वाली पृथक इकाइयों के अध्ययन की विचारपूर्ण पद्धति के रूप मे प्रयुक्त किया जा सकता है।

P.V. young 1954 : 199

"Observation is a systematic and delibevate Study Through eye of the spontaneous occuraances at the time they occur."

ऑक्फोर्ड कान्साइज डिक्सनरी (1961:169) के अनुसार –

घटनाएं कार्य कारण अथवा पारस्परिक सम्बन्धो के सम्बन्ध जिस रूप मे वे उपस्थिति होती है का यथार्थ निरीक्षण एवं वर्णन है।

"Accutate watching nothing of phenomena as they occur in nature with regard to cause and effect or mutual selations"

साक्षात्कार (Interview) –

सामाजिक अनुसंधान की पद्धतियों मे साक्षात्कार पद्धति का स्थान सर्वोपरि है । अन्य व्यक्तियें के आन्तरिक विचारो को जानने में यह एक उपयोगी पद्धति है। साक्षात्कार समूह अथवा व्यक्तियों के पारस्परिक सर्म्पक की क्रमबद्ध प्रणाली है। जिसके माध्यम से अन्य व्यक्तियों अथवा समुदाय के जीवन के अपरिचित तथ्यो का ज्ञान होता है । जब तक दोनो मिलने वाले पक्ष समान सामाजिक स्तर पर आकर विचार विमर्श को तैयार नही होते तब तक साक्षात्कार होना सम्भव नही है।

पी0 वी0 यंग (1953) के अनुसार –

''साक्षात्कार को एक क्रमबद्ध प्रणाली माना जा सकता जिसके द्वारा एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति के आन्तरिक जीवन मे अधिक अथवा कम काल्पनिकता से प्रवेश करता है।

जो कि उसके लिए समान्यता या तुलनात्मक रूप से अपरिचित''

P.V young (1953:242)

"The Interview may be regarded as a systematic method by which one person enters more or less imaginatively in to the inner life of another who is generally a comparative stranger to him" :

गुडे एवं हाट 1952 मे अनुसार –

''साक्षात्कार मूलरूप मे एक समाजिक प्रक्रिया है''

Interview is fundamentally a process of social interaction"

पायो यंग के अनुसार –

''साक्षात्कार क्षेत्रीय कार्य की एक पद्धति है जो एक व्यक्ति या व्यक्तियों के व्यवहार की देखभाल करने कथनों को अंकित करने वा समाजिक या सामूहिक अन्तक्रिया के वास्तविक परिणामों का प्रेक्षण करने के लिए प्रयोग मे ली जाती है।

The interview is a techique of field work which is used to watch the behavior of an individual to record statement, to observe the concrete result of social process , it usually involves interaction. between two persons"

अनुसूची –

सामाजिक अनुसंधान में विश्वसनीयता लाने के परोक्ष साधनो की अपेक्षा प्रत्यक्ष साधनो पर बहुत अधिक जोर दिया जाने लगा हैं। ऐसे साधनो मे अनुसूची का महत्वपूर्ण स्थान है यह सामाजिक घटनाक्रम अथवा सामाजिक व्यवहार

या सामाजिक समस्या के सम्बन्ध में सामग्री एकत्रित करने की बहुत उपयोगी पद्धति है। प्रेक्षण और साक्षात्कार को वैज्ञानिकता प्रदान करने और उसे गहरी जानकारी संग्रहीत करवाने मे यह पद्धति बहुत सफल रहती है।

अनुसूची ऐसे प्रश्नों की एक तालिका होती है। जिसकी अध्ययनकर्ता अपने प्रेक्षण अथवा साक्षात्कार के समय स्वयं पूर्ति करता है।

बोगार्डस (1936) ने अनुसूची को परिभाषित करते हुये लिखा है:-

''अनुसूची तथ्यो को प्राप्त करने के लिए एक औपचारिक प्रणाली का प्रतिनिधित्व करती है जो वस्तुनिष्ठ रूप में है। एवं आसानी से प्रत्यक्ष अनुभव किये जाने योग्य है। अनुसूची स्वयं अनुसंधानकर्ता द्वारा भरी जाती है।''

बोगार्डस ने अपनी पुस्तक इन्ट्रोडक्सन सोसल रिसर्च (1936:45) में कहा कि -

The Schedule represents a formal method for securing facts that are in objective form and easily discernible--------the schedule is filled out by investigator himself."

गुडें एवं हाट (1952) के अनुसार -

अनुसूची एक नाम है जो साधारणतया प्रश्नों के एक समूह के लिए लागू होता है जो एक साक्षात्कारकर्ता के द्वारा दूसरे व्यक्ति से आमने सामने की स्थिति में पूछे व भरे जाते है।

"The schedule is the name usually applied to a set of questions which are asked and filled inby an interview in a face situation with another person.

मोसर 1958 ने लिखा है -

'' जब तक यह साक्षात्कार कर्ता द्वारा संचालित होती है यह स्पष्ट रूप से औपचारिक प्रलेख हो सकती है जिसमें आकर्षण की अपेक्षा कुशल क्षेत्र संचालन ही उद्देश्य में विचार है।

"Science it is handled by interviewers it can be fairly formal document in which efficiency is the operative Consideration in design."

हम यह कह सकते है कि अनुसूची का तात्पर्य एक ऐसे प्रपत्र से होता है जिसमें प्रश्नो अथवा उन आधारो का समावेश होता है जिनके अनुसार अध्ययनकर्ता स्वयं क्षेत्र मे जाकर अवलोकन करता है या स्वयं सम्बन्धित व्यक्तियों से मिलकर उनका साक्षात्कार करता है।

विशेष –

प्रस्तुत अध्ययन के साक्षात्कार और इसमें प्रस्तुत शोध के उद्देश्य को ध्यान मे रखते हुये शोधकर्ता ने एक अनुसूची का निमार्ण किया है तथा व्यक्तिगत रूप से निदर्शन में चुने गये विद्यार्थियों का प्रत्यक्ष साक्षात्कार किया है साक्षात्कार अनुसूची मे विद्यार्थियों की आयु जाति पढाई का स्तर उनके पारिवारक स्तर इत्यादि के अतिरिक्त राजनैतिक चेतना का एक राजनैतिककरण के पैमाने का निर्माण कर उससे ऐसे प्रश्न पूछे गये है। जिसमें राजनैतिक चेतना को सत्य की रूप मे अध्ययन किया जा सके ।

प्रश्नावली अथवा प्रश्न समूह –

सामाजिक अनुसंधान की विभिन्न पद्धतियों मे प्रश्न समूह या प्रश्नावली पद्धति बहुत उपयोगी मानी जाती है और इसका प्रयोग बहुत अधिक प्रचलन मे है। प्रश्न समूह प्रश्नो की एक सूची होती है जब किसी समाजिक समस्याय के बारे मे शोध करना हो तो उससे सम्बन्धित आवश्यक प्रश्न बना लिये जाते है और उनको व्यवस्थित रूप मे एक सूची मे अंकित कर लिया जाता है। इस सम्बन्ध में विभिन्न विज्ञानविमत है।

पी0वी0 यंग 1958 के अनुसार -

"मापने योग्य सामाजिक घटना के अध्ययन में सहायक यन्त्र के रूप में सामाजिक वैज्ञानिक प्रश्न समूह का उपयोग करते हैं"

"Social Scientists use the questionnaire chiefly as a supplementary tool in studying easurable social phenomenon"

इसका तात्पर्य प्रश्नो की उस क्रमबद्ध तालिका से होता है । जो विषय वस्तु के सम्बन्ध में सूचनाएं प्राप्त करने मे योग देती है ।

विल्सनगी (1950:314) ने अपनी पुस्तक सोशल साइन्स रिसर्च मैथम में कहा है कि-

प्रश्नावली डी संख्या मे लोगो से अथवा कोई चुने हुये समूह से जो विस्तृत क्षेत्र में फैला है सीमित मात्रा मे सूचना प्राप्त करने की सुविधा जनक प्रणाली है।

Wilson gee (1950:314)

It constitutes a convenient method of obtaining a limited amount of information from a large number of persons or from a small selected group which is widely scattered"

वैयक्तिक सामाजिक पद्धति (Case –Study Method)

सामाजिक अनुसंधान के क्षेत्र मे एकल विषय अध्ययन या वैयक्तिक अध्ययन पद्धति बहुत प्राचीन एवं महत्वपूर्ण मानी जाती है। समाज विज्ञान के क्षेत्र में इस पद्धति का प्रयोग सर्वप्रथम हरबर्ट स्पेन्सर ने किया था लेकिन व्यवस्थित ढंग से प्रयोग मे लाने का श्रेय लीप्ले को है जिसने फ्रांस के परिवारो के आय व्यय के अपने अध्ययन इसी सहायता से किये थे।

इसे परिभाषित करते हुये विसेन्ज ने लिखा है कि -

''एकल विषय अध्ययन की पद्धति गुणात्मक विश्लेषण का एक स्वरूप है जिसमें एक व्यक्ति परिस्थति या संख्या का बहुत सावधानी से प्रेक्षण किया जाता है।''

The case is form of qualitive analysis involving the very careful and complete observation of a person. Situation or an institution"

राजनैतिकीकरण पैमाना -

प्रस्तुत अध्ययन छात्र छात्राओ मे इस स्तर की राजनैतिक चेतना है उसका सही मापन करने की दृष्टिकोण से एक राजनैतिक करण का पैमाना बनाया गया है। राजनैतिक के दो प्रमुख तत्व होते है।

1. राजनैतिक चेतना
2. राजनैतिक सहभागिता

राजनैतिक चेतना -

राजनैतिक चेतना की बात को यहॉ राजनैतिक करण के समनार्थी के रूप मे प्रयोग किया गया है। राजनैतिक चेतना का अर्थ होता है राज्य तथा उसकी सरकार के बारे मे इसके निवासियों की चेतना ।

राजनैतिककरण की परिभाषा **डोनियल गोल्डरिच** को द्वारा **1968** ने परिभाषित की गयी एक व्यक्तिगत चेतना में योगदान और संसार की राजनीतिक तथा सरकार मे सम्बद्ध के रूप मे की गयी है।

Daniel goldrich (1968) : As a continum of individual awarness and involvement in the world of politics and .goverments."

राजनैतिक सहभागिता -

डाउजे और ह्युज (1972:290) राजनैतिक सहभागिता की परिभाषा कर रहे है। ''वे इच्छापूर्ण कार्य जिनके द्वारा समाज सदस्य प्रशासंको के चयन मे योगदान

करते है । और प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से जनता (समाज) नीति के निमार्ण में सहयोग देते है।

Dowse and Hughes (1972 :290) " ने सहभागिता को निम्न ढंग से समझाया है ""Those voluntary achivities by which members of society share in the selection of rulers and, directly or indirectly, in the formation of public policy"

Since political rules may vary from anactive to highly participation milbrathe's(1965) typology. Classifying political activity seems to be by more appropriate . He has distinguished three types of political participation, viz., spectator activity transitional activities and gladiatorial activities. spectator activity is the initiation in political activity having the lowest level of involvement like wearing the badge etc.

The transitional activites are higher level of political activity which includes attending political meetings are rallies or making monetary contributions or Contacting a public official are political leader. Gladiatorial activities include a high degree of participation . Such as campaigning for condidate or holding a public and party office, contesting election etc."

छात्र छात्राओं में राजनैतिक पैमाने के लिए निम्न राजनैतिक करण पैमाने बनाये गये हैं

1. अन्तराष्ट्रीय चेतना पैमाना
2. राष्ट्रीय चेतना पैमाना
3. प्रादेशिक चेतना पैमाना
4. क्षेत्रीय चेतना पैमाना
5. मीडिया चेतना पैमाना

उपर्युक्त प्रत्येक पैमाने मे वैषायिक प्रश्न पूछें गये है और उत्तरो को सांख्यकीय आधार पर मापा गया है।

अधिकतम सबसे ज्यादा - 64

न्यूनतम सबसे कम - 00

प्रस्तुत अध्ययन मे वस्तुनिष्ठता को ध्यान में रखते हुये सांख्यिकी के ढ़ंग से रखे गये है। और इनमे आर्थीडिक मीन और आर्थीडिक मीडियम निकाले गये है।

साख्यिकी परीक्षण -

सूचनाओं की वस्तुनिष्ठता बनााये रखने के दृष्टि कोण से जहॉ सम्भव हुआ है वहॉ आकडो की व्याख्या साख्यिकी के प्रयोग द्वारा की गई है इसके साथ -साथ राजनैतिक चेतना के आकडें पूर्ण रूप से सांख्यिकीय पर आधारित है राजनैतिक चेतना में प्रश्नो के उत्तर मे सांख्यकीय की गई है।

उदाहरण कि तौर पर यदि प्रश्न अपने भारत में कितने प्रकार के राजनैतिक दल है, यदि सूचनादाता ने 3 या 3 से अधिक उत्तर दिये है उसे 3 अंक यदि 2 सही उत्तर दिये है 2 अंक और 1सही उत्तर दिया है तो एक अंक यदि गलत उत्तर बताये या उत्तर नही दिया तो 0 अंक मिलेगे ।

राजनैतिक प्रकार से पूछी गई सूचनाओं को साख्यिकीय मैं परिवर्तित कर सूचना दाताओ के बारे में वास्तविकता का पता चलता है।

शोध अनुभव -

वास्तविक शोध वह है जो कठिनाइयों का अनुभव कराये साथ ही साथ सत्य तक पहुॅचाने का मार्ग तथा जीवन मूल्य भी बताए । शोध ऐसा होना चाहिए शोधार्थी के दिमाक मे केवल सिद्धान्त और आंकडे ही न ठूसती हो बल्कि शोध ऐसा होना चाहिये जो व्यक्तितत्व का विकास अवरूद्ध न होने दें ।

1. Pilot Study - शोध प्रविधि निर्माण के पहले शोधकर्ता ने सारे अध्ययन क्षेत्र का व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण किया । कई महाविद्यालयों के छात्र छात्राओं से अनौपचारिक ढंग से सम्पर्क किया ताकि साक्षात्कार और अनुसूची बनाने में सुविधा हो।
2. **पूर्व परीक्षण** - जब साक्षात्कार तैयार हो गया तो हमने लगभग 10 छात्र एवं 10 छात्राओं से सम्पर्क कर अनुसूची मे सूचनाऐं प्राप्त की जो प्रश्न छात्र /छात्राओं के स्पष्ट रूप से समझ में नही आ रहे है या जिनकी कुछ शब्दावली में किसी प्रकार का भ्रम था उनको दूर और संशोधित कर दिया गया है और पुनः अनुसूची का निर्माण कर लिया गया ।

साक्षात्कार - प्रस्तुत अध्ययन मे साक्षात्कार अनुसूची का प्रयोग किया गया है। तथा साक्षात्कार अनुसूची का प्रयोग कर उत्तर दाताओ से उत्तर प्राप्त करने का भरसक प्रयत्न किया है । शोधार्थी ने साक्षात्कार के पूर्व उत्तरदाताओं को अपना परिचय एव अपने उद्देश्यों से अवगत कराया एवं उनमें सहयोग करने तथा वास्तविक जानकारी देने का अनुरोध किया । साक्षात्कार के दौरान कई परेशानियां अवश्य आयी किन्तु शोधार्थी ने अत्यन्त सावधान से सभी कठिनाइयों को समाप्त किया साक्षात्कार के माध्यम से बहुत अन्तर दृश्य प्राप्त हुय और बहुत बहुमूल्य सर्वेक्षण हुये पहलीबार यह जानकारी मिली कि बातचीत और समाज शास्त्रीय साक्षात्कार में कितना महान अन्तर है।

प्रस्तुत अध्याय मे विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालय के छात्र/ छात्राओं की राजनैतिक चेतना का समाज शास्त्रीय अध्ययन है एवं प्रस्तुत अध्याय के अन्तर्गत शोध मे प्रयोग किये गये पद्धति का वर्णन किया गया है ।

विश्व के अनेक रहस्यात्मक तथ्य दिये है अैर तथ्यों में कुछ पुरानापन होता हे फलस्वरूप मनुष्य अपनी जिज्ञासा प्रवृत्ति से प्रेरित होकर उन तथ्यो खोजने अथवा उनमें नयापन, नई झलक और नये दृष्टिकोण लाने के लिये प्रयत्नशील रहता है और इसी प्रयत्न के उद्देश्य मानकर स्पष्टीकरण करना ही शोध कहलाता है।

शोध के उद्देश्य को आधार मानकर अध्ययन विषय को विभिन्न पक्षों को उदघाटित करने के लिए पहले से एक बनाई गई योजना की रूपरेखा को शीघ्र प्ररचना कहते हैं। वस्तुतः शोध प्ररचना तीन प्रकार की होती है किन्तु प्रस्तुत अध्ययन मे अन्वेषणात्मक शोध प्ररचना का प्रयोग किया गया है।

चूँकि अध्ययन बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय एवं उससे सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं के राजनैतिक चेतना के सन्दर्भ मे है जिनकी संख्या 60-70 हजार है संशोधनो एवं शोध उपाधि मे समय सीमा को दृष्टिगत रखते हुये मात्र 8 महाविद्यालय से 400 सूचनादाता चयनित किये गये है जिसमे स्नातक एवं परास्नातक स्तर के कमशः 25-25 छात्र छात्रायें है साथ -साथ यह भी ध्यान मे रखा गया है कि सूचनादाता उच्च, पिछडी एवं अनुसूचित जाति के हो ।

अब अध्ययन के अन्तर्गत सूचनादाताओं से सूचनाओं के सकंलन हेतु विभिन्न प्रविधियों का उल्लेख किया गया है और मुख्य रूप से सूचना संकलन साक्षात्कार अनुसूची का निर्माण कर उत्तरोको प्राप्त किया गया है। जिसमें सूचनादाताओं से अव्यैक्तिक सम्बन्धी प्रश्न परिवारिक पृष्ठभूमि आर्थिक पृष्ठभूमि तथा राजनैतिक चेतना के सम्बन्ध में विधिवत वैज्ञानिक आकडे एकत्रित करने हेतु सम्बन्धित प्रश्न पूछे गये है ।

प्रस्तुत अध्यााय मे छात्र छात्राओं की राजनैतिक चेतना का आकलन करने हेतु एक राजनैतिक करण पैमाना बनाया गया है जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, प्रादेशिक, क्षेत्रीय स्तर के राजनैतिक प्रश्न पूछे गये है जिसमे न्यूनतम अंक 0 तथा अधिकतम अंक 64 निर्धारित किया है परिणाम स्वरूप राजनैतिक प्रकार से पूछी गयी सूचनाओं की साख्य कीय मे परिवर्तित कर सूचनादाताओ के बारे मे वास्तविकता का पता चलता है।

: अध्याय तृतीय :

सूचनादाताओ की सामाजिक पृष्ठभूमि

सूचनादाताओ की सामाजिक पृष्ठ भूमि

सूचनादाताओं की सामाजिक पृष्ठिभूमि - प्रस्तुत अध्याय में विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र छात्राओ में राजनैतिक चेतना के वास्तविक जानकारी करने की दृष्टिकोण से सूचनादाताओं की व्यक्तिगत पृष्ठभूमि जिसमें सूचनादाताओँ की आयु, धर्म, जाति शिक्षास्तर, ग्रामीण एवं नगरीय परिवेश, आय वैवाहिक स्थिति इत्यादि के सम्बन्ध मे आकडे एकत्रित किये गये है ।

छात्र-छात्राओं की राजनैतिक चेतना की वास्तविक जानकारी के लिए आवश्यक है कि उनकी आयु, जाति, समूह उनके संकाय उनकी कक्षा, धर्म, जन्मस्थान, परिवार का स्तर आदि के बारे मे आकडे एकत्रित किये जाए।

सूचनादाताओ की आयु निम्न सारणी मे दी गई है।

सारणी क्रमांक 3.1

सूचनादाताओं की आयु

क.स0	सूचनादाताओ की आयु	छात्राओ की संख्या	प्रतिशत	छात्रो की संख्या	प्रतिशत
1.	16 - 20वर्ष	128	64.00	67	33.50
2.	21 - 25वर्ष	71	35.00	84	42.00
3.	26 - 26वर्ष	1	.50	35	17.50
4.	31 - 35वर्ष	0	0	14	7.00
	योग	200	100.00	200	100.00

सूचनादाताओ की आयु - उपरोक्त सारणी 3.1 को देखने से यह प्रतीत होता है कि सूचनादाताओं की आयु मुख्यत: 3 आयु समूह वर्गो मे देखने को मिली है । 16 से 20 वर्ष 21 से 25 वर्ष एवं 26 से 30 वर्ष में छात्राओं की उम्र

64.00, 35.5 .50 पर छात्राओं का प्रतिशत जबकि इन्ही वर्ग समूहो में छात्रों का प्रतिशत 33.50, 42.00,17.50 प्रतिशत कुछ छात्र 31 से 35 वर्ष आयु समूह मे आते है।घी 7.0 प्रतिशत है इस समूह मे छात्राओं का प्रतिशत शून्य हैं ।

उपरोक्त सारणी से स्पष्ट होता है कि अधिकांश छात्र-छात्रायें 16 से 25 वर्ष वर्ग समूह की युवा एवं युवतिया है।

राजनैतिक चेतना अध्ययन के दृष्टिकोण से मुख्यतः 16 से 25 वर्ष के आयु समूह के छात्रा छात्राये उत्तरदाता है।

सारणी क्रमांक 3.2

सूचनादाताओं का धर्म

क.स0	सूचनादाताओ का धर्म	छात्राओ की संख्या	प्रतिशत	छात्रो की संख्या	प्रतिशत
1.	हिन्दू	195	97.50	195	97.50
2.	इस्लाम	5	2.50	5	2.50
3.	थ्सक्ख	0	0	0	0
4.	इसाई	0	0	0	0
	योग	200	100.00	200	100.00

1. सूचनादाताओ का धर्म –

उपरोक्त सारणी क्रमांक 3.2 को देखने से प्रतीत होता है कि सूचनादाता मुख्य रूप से दो धर्म समूह के है पहला , हिन्दु और दूसरा इस्लाम इसमें हिन्दू छात्र एवं छात्राओं की सख्या बराबर अर्थात 195, 195 है जो क्रमांशः 97.50 97.50 प्रतिशत है इस प्रकार मुस्लिम सूचनादाता क्रमशः 5-5 छात्र छात्रा है जो कि 2.50, 2.5 प्रतिशत है। किन्तु सिक्ख और ईसाई उत्तरदाताओं की

संख्या शून्य है। उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि प्रस्तुत अध्ययन में प्रमुख रूप से हिन्दू छात्र और छात्राये सूचनादाता है।

सारणी क्रमांक 3.3

सूचनादाताओं का जाति समूह

क.स0	सूचनादाताओ का जाति समूह	छात्राओ की संख्या	प्रतिशत	छात्रो की संख्या	प्रतिशत
1.	उच्चजाति	129	64.00	100	50.00
2.	पिछडी जाति	49	24.50	69	34.50
3.	अनुसूचित जाति	17	8.50	26	13.50
4.	अन्य	5	2.50	5	2.50
	योग	200	100.00	200	100.00

सूचनादाताओं का जाति समूह –

भारतीय सामाजिक व्यवस्था के जाति संरचना का प्रमुख महत्व है। यद्यपि भारत में औद्योगिकीकरण एवं नगरीयकरण की प्रक्रिया बहुत तीब्र है एवं अनेक स्तर पर पश्चिमी समस्यों के समकक्ष आधुनिकीकरण की प्रक्रिया चल रही है परन्तु भारतीय सामाजिक व्यवस्था की यह एक विशिष्ट विशेषता जाति संरचना एवं उससे सम्बन्धित प्रक्रियायें अभी भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है इस दृष्टिकोण से छात्र छात्राओं मे जाति समूह के सम्बन्ध मे सूचना प्राप्त किये गये है सारणी 3.3 मे स्पष्ट होता है कि सूचनादाताओं में 129 छात्रायें एवं 100 छात्र उच्चजाति समूह के है । पिछडी जाति समूह में 49 छात्राऐ एवं 69 छात्र है तथा अनुसूचित जाति समूह मे केवल 17 छात्राओं एवं 26 छात्र है

इनमे उच्चजाति समूह में सूचनादाताओ का विवरण सबसे अधिक (64.5 प्रशित छात्र) है जबकि पिछडी जाति को (24.5 प्रतिशत छात्राये 34.50) छात्र है और अनुसूचित जाति मे 17 छात्र है अन्य मे इस्लाम धर्म के दोनो समूह मे 5 छात्र है।

अतः छात्र छात्राओं मे राजनैतिक चेतना के मूल्यांकन जाति समूहों की भमिका को समझने मे मदद मिलेगी ।

सारणी 3.4

सूचनादाताओ की कक्षा का स्तर

क.स0	सूचनादाताओ की संख्या	छात्राओ की संख्या	प्रतिशत	छात्रो की संख्या	प्रतिशत
1.	स्नातक	146	73.00	124	62.00
2.	प्रास्नातक	54	27.00	76	38.00
	योग	200	100	200	100

सारणी 3.5

सूचनादाताओ की सकांय एव कक्षा का स्तर में विभाजन

क.स0	संकाय	कक्षा		
		स्नातक	प्रास्नातक	योग
1.	कला	132	74	206
2.	शिक्षा	40	10	50
3.	विधी	26	17	43
4.	मेडिकल	6	–	6
	योग	276	130	400

शोधकर्ता की यह मान्यता थी कि छात्रो के स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर राजनैतिक चेतन मे भिन्नता है इस दृष्किोण से सभी छात्र छात्राओं सूचनाओं को स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर रखें उनके संकायों के सम्बन्ध मे जानकारी प्राप्त की । सारणी 3.4 मे स्पष्ट होता है कि चयनित सूचनादाताओ मे सबसे अधिक छात्रायें एवं छात्र कला संकाय से सम्बन्धित है। यह स्नातक स्तर पर 36.5 प्रतिशत छात्राओं एवं 29.5 प्रतिशत छात्र है एवं परास्नातक कला स्तर पर 17.5 प्रतिशत छात्रायें एवं 19.5 प्रतिशत छात्र है इसी प्रकार न्यूनतम श्रेणी मे मेडिकल स्नातक स्तर पर 1 प्रतिशत छात्राये एवं 2 प्रतिशत छात्र है।

सारणी से यह भी पता चलात है कि चयनित सूचनादाताओं मे 73 प्रतिशत स्नातक छात्रायें एवं 62 प्रतिशत छात्र तथा 27 प्रतिशत परास्नातक छात्रायें एवं 38 प्रतिशत छात्र है।

सारणी क्रमांक 3.6

क.स0	सूचनादाताओ का जन्म सीान	छात्राओ की संख्या	प्रतिशत	छात्रो की संख्या	प्रतिशत
1.	ग्रामीण	26	13.00	96	48.00
2.	नगरीय	174	87.00	104	52.00
	योग	200	100.00	200	100.00

उपरोक्त सरणी क्रमांक 3.6 से प्रतीत होता है कि ग्रामीण सूचनादाताओं की अपेक्षा नगरीय सूचनादाताओ की संख्या अधिक है अर्थात नगरीय सूचनादाताओं की सख्या 278 जो 69.5 प्रतिशत एवं ग्रामीण स्थानो जन्म लेने वाले सूचनादाताओं की संख्या 122 जो 35.0 प्रतिशत जिसमे - से नगरीय छात्राओ की संख्या 174 जो 87.00 प्रतिशत एवं छात्रो की सख्या 104 जो 52.00 प्रतिशत है। दूसरी ओर ग्रामीण छात्राओं की संख्या 26 जो 13.00 प्रतिशत है एवं छात्रो की संख्या 96 जो 48 प्रतिशत है।

उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि प्रस्तुत अध्ययन मे नगरी क्षेत्र मे छात्र छात्राओं का ग्रामीण स्थान की तुलना में अधिक प्रतिशत है।

सारणी क्रमांक 3.7

सूचनादाता भूत प्रेत मे विश्वास रखते है या नही

क.स0	विवरण	छात्रा	प्रतिशत	छात्र	प्रतिशत
1.	ळै	53	26.00	29	14.50
2.	न्ही	147	73.00	85	85.50
	योग	200	100.00	200	100.00

सूचनादाता अधिकांश मात्रा में भूतप्रेत मे विश्वास नही रखते। सर्वाधिक 147 छात्रा एवं 171 छात्र सूचनादाताओ का मानना है कि यह केवल अंधविश्वास है जो कम पढें लिखे लोग होते है और विज्ञान को नही मानते उनको भूत प्रेत के अंधविश्वास मे लेकर लोग ठगते है जहॉ पर शिक्षित वर्ग रहता है वहॉ पर भूत प्रेत पर विश्वास नही किया जाता भूतप्रेत पर अधिकांशतः निम्नवर्ग, एवं अनुसूचित जाति जनजाति के लोग विश्वास करते है जो पढे लिखे नही होते है।

दूसरी ओर 53 छात्रा 29 छात्र क्रमशः 26.50 प्रतिशत एवं 14.50 प्रतिशत सूचनादाताओं का मानना है। कि प्रेत योनि होती है जिस प्रकार मानव एक प्रजाति है उसी प्रकार भूत प्रेत भी एक प्रकार की प्रजाति जो आदृश्य रूप में है ये प्रजाति दिखायी न देकर अपनी कार गुजारी करती रहती है।

उपरोक्त सारणी 3.7 से स्पष्ट है कि 53 छात्रा रख 29 छात्र क्रमशः 26. 50 प्रतिशत एवं 14.50 प्रतिशत सूचनादाता भूतप्रेत पर विश्वास रखते है तथा 147 छात्रा तथा 171 छात्र क्रमशः 73.50 प्रतिशत एवं 85.50 प्रतिशत सूचनादाता भूत प्रेतो पर विश्वास नही करते हैं।

सारणी क्रमांक 3.8

सूचनादाता नित्य पूजा करते है या नही

क.स0	विवरण	छात्रा	प्रतिशत	छात्र	प्रतिशत
1.	व्ळॉ	109	54.50	59	9.50
2.	कभी -कभी	88	44.00	132	66.00
3.	बिल्कुल नही	3	1.50	9	4.50
	योग	200	100.00	200	100.00

प्रस्तुत अध्ययन मे राजनैतिक चेतना को स्पष्ट करने के लिए उपरोक्त प्रश्न भी पूछा गया था जिससे स्पष्ट है कि अधिकांश छात्राये नित्य पूजा करती है इनका मानना है कि इस संसार को एक ऐसी आदृश्य सत्ता है जिस सृष्टि का निर्माण किया है और सृष्टि को चला रही है अतः उस सत्ता की नित्य प्रति पूजा की जानी चाहिए । अधिकाशं यात्रा के सूचनादाता नित्य प्रति पूजा तो करना चाहते है किन्तु अधिक व्यस्त होने के कारण कभी-कभी पूजा करते है । कुछ छात्र छात्राओं का मानना है कि संसार ईश्वर नही है यह दिखावा मात्र है उनका मानना है है जो भी अपराध होते है वे धर्म की आड में ही होते है जो है वे मनुष्य का कर्म है यदि मनुष्य अच्छा करेगा तो उसको अच्छा प्रतिफल ही मिलेगा

उपरोक्त सारणी क्रमांक 3.8 से प्रदर्शित होता है कि 109 छात्र एवं 59 छात्र क्रमाशः 54.50 प्रतिशत 9.50 नित्य प्रति अपने अराध्य को पूजते है 88 छात्राये 132 छात्र क्रमशः 44 प्रतिशत 66% समय अभाव के कारण कभी कभी पूजा करते है लेकिन उनका समर्थन पूजा करने के साथ मे है 3 छात्रा 9 छात्रा क्रमशः 1.5% एवं 9% सूचनादाता नास्तिक है अर्थात वे कभी पूजा नही करते नही धर्म पर विश्वास करते ।

सारणी क्रमांक 3.9

क्या सूचनादाता के पूजा स्थलो मे जान्य पसन्द करते है या नही

क.स0	विवरण	छात्रा	प्रतिशत	छात्र	प्रतिशत
1.	ळॉं	171	85.50	188	94.00
2.	न्ही	29	14.50	12	6.00
	योग	200	100.00	200	100.00

सारणी क्रमांक 3.9 से स्पष्ट हो रहा है कि अध्ययन सूचनादाता को किसी जाति, धर्म,, मजहब के पूजाग्रहो मे जाने में परहेज नहीं है। इससे सूचनादाताओं की चेतना का पता चलता है कि सूचनादाता सभी धर्मो को एक मानता है 171 छात्रा एवं 188 छात्र क्रमशः 85.50 एवं 94.00 प्रतिशत सूचनादाताओ का मत है कि सभी धर्मो को एक मानकर पूजा स्थलो मे जाना चाहिएं किन्तु 29 छात्र क्रमशः 12 छात्र क्रमशः 14.50 एवं 6.00 सूचनादाताओ का मत है कि मात्र अपने धर्म के पूजा स्थलो मे जाना चाहिऐ इस मत से ऐसा प्रतीत होता है कि सूचनादाता को अत्याधुनिक विज्ञान के विकसित हो जाने पर भी मानसिकता को बदला नही जा सका है।

स्पष्ट है कि 85.50 प्रतिशत छात्रां एवं 94.00 प्रतिशत छात्र सूचनादाता दूसरो के पूजा स्थलों पर जाना पसन्द करते है जबकि 24.50 प्रतिशत छात्राये एवं 6. 00 प्रतिशत छात्र अपने ही धर्म के पूजा स्थलो मे जाना पसन्द करते है।

सारणी क्रमांक 3.10

सूचनादाता धार्मिक कर्मकाण्ड मे विश्वास रखते है या नही

क.स0	विवरण	छात्रा	प्रतिशत	छात्र	प्रतिशत
1.	हॉ	192	96.00	183	91.50
2.	नही	8	4.00	17	8.50
	योग	200	100.00	200	100.00

धरती आकाश, तारे, चॉद, अन्य आधुनिक अजूबे धर्म को मानने के लिए वाध्य करती है भूत की असफलता वर्तमान का संकट उज्जवल भविष्य हेतु अत्याधिक मात्रा मे सूचनादाता धार्मिक कर्मकाण्ड पर विश्वास रखते है।

उपरोक्त सारणी क्रमांक 3.10 स्पष्ट करण है कि 192 छात्र एवं 183 छात्राओं क्रमांश: 96.00 91.50 प्रतिशत सूचनादाता धार्मिक कर्मकाण्ड मे विश्वास रखते है किन्तु 8 छात्रा 17 छात्र क्रमश: 4.00 एवं 8.50 प्रतिशत सूचनादाता धर्म तथा धार्मिक कर्म काण्ड में विश्वास नही रखते ।

प्रस्तुत अध्ययन मे धर्म मे मानने वालो की संख्या अधिक है क्योकि यह क्षेत्र पिछडा क्षेत्र एवं कृषि आधारित क्षेत्र है जहॉ सिचाई के साधन उपर्युक्त मात्रा मे नही है अत: यहॉ का समुदाय वर्षा मे निर्भर रहता है और वर्षा का सम्बन्ध धर्म से जोंडने के कारण धार्मिक कर्मकाण्डो मे विश्वास रखना पैत्रक बन चुका है।

सारणी क्रमांक 3.11

सूचनादाता को शुभकार्य मे जाते समय कोई न मिल जाये कोई छीक दे या बिल्ली रास्ता काट जाये तो क्या करेगा

क्र.स0	विवरण	छात्रा	प्रतिशत	छात्र	प्रतिशत
1.	उस रास्ते से नही जाते है।	45	22.50	8	4.00
2.	थोडी देर के बाद जाते है	38	19.00	21	10.5
3.	इससे कोई फर्क नही पडता है	117	58.50	171	85.5
	योग	200	100.00	200	100.00

मनुष्य को शिक्षा के माध्यम से ही जागृत किया जा सकता है चूँकि प्रस्तुत अध्ययन महाविद्यालयो की छात्र -छात्राओं मे राजनैतिक चेतना का अध्ययन है अर्थात महाविद्यालय मे पढ रहे छात्र -छात्राये वस्तुत: पढे लिखे होते

है परिणाम स्वरूप चेतना है कि बिल्ली के रास्ता काटने या काना मिलने अथवा किसी के छीक देने सें अपने मार्ग मे जाते समय कोई फर्क नही पडता ।

उपरोक्त सारणी क्रमांक 3.11 से प्रतीत होता है कि 117 छात्राये 171 छात्र क्रमशः 58.50, 85.50 प्रतिशत सूचनादाता जागृत है जो किसी भी अवरोध को नही मानते है ।

प्रस्तुत शोध 'महाविद्यालय के छात्र/छात्राओ मे राजनैतिक चेतना' के अध्याय तृतीय मे विश्वविद्यालय के सम्बद्ध महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं मे राजनैतिक चेतना जानने हेतु सामाजिक पृष्ठ भूमि जानना नितान्त आवश्यक है । चूंकि मनुष्य एक समाजिक प्राणी है । अतः राजनीतिक सामाजिकता का एक अंग है इस दृष्टिकोण से समाजिक पृष्ठभूमि से सम्बन्धित कुछ प्रश्न सूचनादाताओं से पूछे गये है। जिसमें सूचनादाताओ की आयु, धर्म, जाति, शिक्षा का स्तर, ग्रामीण नगरीय परिवेश, आय, वैवाहिक स्थिति इत्यादि के सम्बन्ध मे आकडें एकत्रित किये गये है।

